2 OCT 3 2026.qxd 01-10-2026 22:36 Page 1

अस्पतालमें जच्चा-बच्चाकी मौतके बाद हंगामा, चक्काजाम

इलाजमें लापरवाहीका आरोप, दो डाक्टर सहित सहित तीन नामजद, प्रयागराज-गोरखपुर मार्गपर तीन घंटे डटे रहे आक्रोशित लोग

फूलपुर थाना क्षेत्र स्थित पाठक मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल में प्रसव के दौरान २४ वर्षीय वंदना देवी पत्नी विपिन कुमार और नवजात शिशु की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने प्रयागराज-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। परिवार के लोग सड़क पर धरना देकर मुकदमा और गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। देर शाम एसीपी और एसडीएम ने अस्पताल के दो डाक्टरों समेत तीन लोगों पर एफआइआर दर्ज कराकर बाकी मांग पूरा करने का भरोसा दिया तो परिजन करीब तीन घंटे बाद सड़क से हटे। इस दौरान लंबा जाम लगा रहा।

उतरांव क्षेत्र के आरा कला गांव निवासी विपिन कुमार के अनुसार उनकी पत्नी वंदना देवी को २९ सितंबर को दोपहर में फूलपुर कस्बे में स्थित पाठक मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल में प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। परिवार का कहना है कि चिकित्सकों ने पहले सामान्य प्रसव की बात कही थी, लेकिन बाद में इमरजेंसी बताते हुए आपरेशन के लिए परामर्श दिया गया। ३० सितंबर की सुबह लगभग नौ बजे आपरेशन किया गया। परिवार के लोगों के अनुसार आपरेशन के बाद नवजात



हत वंदना देवीकी फाइल फोटो।

शिशु की मौत हो गई। इसके बाद चिकित्सकों ने वंदना के शरीर से अधिक रक्त स्राव होने की बात कहते हुए दोबारा आपरेशन करने और बच्चेदानी निकालने की बात कही। पति से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी कराए गए। शाम करीब सात बजे दोबारा आपरेशन किया गया। रात में लगभग नौ बजे महिला को आईसीयू में भर्ती किया गया। मध्य रात्रि के बाद एक बजे चिकित्सकों ने वंदना की मौत की जानकारी दी। परिवार का आरोप है कि इलाज के दौरान उनसे अलग-अलग मदों में रुपये जमा कराए गए। खून के लिए करीब १४ हजार रुपये, गहन चिकित्सा और दवाओं के लिए अलग से धनराशि जमा कराई गई। जच्चा-बच्चा दोनों की मौत के बाद दोपहर करीब ढाई बजे परिवार के लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हंगामा करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर विरोध जताया। महिलाएं रोते-चीखते हुए सड़क पर लेट गईं। जानकारी मिलते ही फूलपुर पुलिस ने मौके पर जाकर लोगों को समझाने का प्रयास किया। देर शाम तक परिवार के लोग राजमार्ग पर जाम लगाकर बैठे थे। वे ५० लाख रुपये की आर्थिक सहायता, अस्पताल सील करने और सरकारी आवास दिलाने की मांग पर अड़े रहे। एसडीएम हीरालाल सैनी और एसीपी फूलपुर राजकुमार सिंह ने परिवार के लोगों को उनकी सभी मांग पूरी करने का भरोसा दिया, साथ ही वंदना के ससुर सुरेश भारतीय की तहरीर पर हास्पिटल की डा. अंकिता पाठक, डा. आशुतोष पाठक और आरएन पाठक के विरुद्ध इलाज में लापरवाही से मौत का केस दर्ज कराया। फूलपुर थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल के दो डाक्टरों सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

कीडगंजमें युवकने फांसी लगाकर दी जान

कीडगंज के कृष्णानगर में एक युवक ने फोसी लगाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह मकान के पहली मंजिल पर बने कमरे में फंदे से लटका उसका शव मिला। युवक ने आत्महत्या क्यों की, यह ज्ञात नहीं हो सका। पुलिस के मुताबिक युवक का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कीडगंज थानाक्षेत्र के कृष्णानगर का रहने वाला २४ वर्षीय कौशल उर्फ नन्हा पढ़ाई पूरी करने के बाद घर पर ही रहता था। बुधवार रात उसने फांसी लगा ली। चचेरे भाई जैकी ने बताया कि नन्हा के पिता बैंक में नौकरी करते थे। वह दो भाइयों में छोटा था। परिवार में पिता, बड़ा भाई पिंटू और मां हैं। कीडगंज पुलिस के मुताबिक एक युवक ने आत्महत्या की है। उसके परिजन वजह नहीं बता सके जांच की जा रही है।



फूलपुरमें महिला एवं बच्चेकी मौतके बाद सड़क जाम करते लोग।

कुम्भकी तर्जपर माघ मेलामें होगा ड्रोन एवं लेजर शो

सेल्फी प्वाइन्टपर बनेगी त्रिशूल, डमरू, नन्दी, शंख-चक्र और गरुण की आकृति

संगम की रेती पर १४ जनवरी २०२७ से शुरू होने वाले ५२ दिवसीय माघ मेले को दिव्य, भव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए मेला प्रशासन इस बार कई अभिनव प्रयोग करने जा रहा है। माघ मेला के दौरान कुम्भ मेला की तर्ज पर पर्यटन विभाग द्वारा ड्रोन एवं लेजर शो कराया जायेगा। वहीं सेल्फी प्वाइन्ट पर देवी-देवताओं से जुड़ी आकृतियों को बनाया जायेगा।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आईट्रिपलसी सभागार में मण्डलायुक्त डाक्टर लोकेश एम. ने गुरुवार को मेला प्राधिकरण एवं कार्यदायी विभागों के अधिकारियों के साथ निविदा प्रक्रिया एवं अन्य कार्यों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। आज हुई समीक्षा बैठक में मेला को भव्य और दिव्य बनाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। पिछली बैठक में मण्डलायुक्त ने मेला को भव्य और दिव्य बनाने के लिए नये अभिनव प्रयोग करने पर जोर दिया था। इसी कड़ी में आज सम्बन्धित विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। मेला प्रशासन पूर्व के सेक्टर दो अ की भांति ही इस बार भी नागबासुकि मंदिर के समीप सेक्टर सात बनाने की योजना पर काम कर रहा है। नागबासुकि जोन में महत्वपूर्ण संस्थाओं को जमीन एवं सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी ताकि सेक्टर सात में रौनक बनी रहे। नागबासुकि मंदिर के समीप आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था और पौराणिक आख्यान पर आधारित सेल्फी प्वाइंट बनाये जायेंगे। सेल्फी प्वाइन्ट पर भगवान शिव का त्रिशूल, डमरू, नन्दी की आकृति होगी तो भगवान विष्णु से सम्बन्धित शंख-चक्र और गरुण की आकृति देखने को मिलेगी। मण्डलायुक्त ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि महाकुम्भ की भांति ही इस बार माघ मेला में ड्रोन एवं लेजर शो कराया जाय ताकि श्रद्धालु उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो सकें। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को पौराणिक आख्यान पर आधारित नृत्य नाटिका, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये हैं। इस आयोजन के लिए मंच का निर्माण कराने के लिए भी निर्देशित किया है। बैठक में अन्य कार्यदायी विभागों ने भी अपनी टेण्डर प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। टेण्डर प्रक्रिया पर मण्डलायुक्त ने संतोष व्यक्त किया। मण्डलायुक्त ने माघ मेला के दौरान होने वाली अग्निकाण्ड से बचाव के लिए जरूरी इंतजाम करने का निर्देश अग्निशमन विभाग को दिया। साथ ही भूले भटके शिविर को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए कहा ताकि मेला में बिछड़े लोग आसानी से परिजनों से मिल सकें। बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषि राज, उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला, मेला प्रबन्धक ऋषि मिश्र सहित कार्यदायी विभागों के सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

माफिया अतीक अहमदके दस करीबियोंपर एफआईआर

चचेरा भाई नीलू, करीबी जैद खालिदका भी नाम सौसे अधिक जमीनके बैनामेमें फर्जीवाड़ाका आरोप

माफिया अतीक अहमद की काली कमाई से १०० से अधिक जमीनों के बैनामे कराने और खरीदे गए हिस्से से अधिक जमीन हड़पने के आरोप में पूरामुफ्ती थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। अतीक के चचेरे भाई राशिद उर्फ नीलू और करीबी जैद खालिद समेत १० लोगों को नामजद किया गया है। आरोपितों पर फर्जी बैनामे कराने, सरकारी जमीन पर कब्जा करने और विरोध करने पर धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में अतीक और जैद के बीच बातचीत की कथित ऑडियो क्लिप का भी जिक्र किया गया है। पूरामुफ्ती पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रसूलपुर मरियाडीह निवासी शाह फैसल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रसूलपुर काशीपुर, रसूलपुर मरियाडीह और पोंगहट तहसील बमरौली में उसकी पुश्तैनी जमीन है। आरोप है कि पिछले करीब छह महीने से जैद खालिद और उसके भाई जसीम अहमद व जाफर अहमद की ओर से कराए गए बैनामों के आधार पर कुछ लोग उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। शिकायत के बाद पुलिस ने कई बार कब्जा रुकवाया। शाह फैसल के मुताबिक राजस्व अभिलेखों की जांच में जैद खालिद, जसीम अहमद, जाफर अहमद और राशिद उर्फ नीलू के नाम १०० से अधिक आराजियों के बैनामे होने की जानकारी सामने आई। शिकायत में मुमताज अहमद, राहिल सिद्दीकी, महमूद अख्तर, अबू जैद, धीरेन्द्र प्रताप सिंह और मो. दानिश समेत कई अन्य लोगों के नाम भी दिए गए हैं। आरोप है कि आरोपितों ने जितना हिस्सा खरीदा, उससे अधिक जमीन का बैनामा करा लिया। इसके बाद खरीदारों के नाम गलत तरीके से खतौनी में दर्ज कराकर गांव सभा, बंजर, नाला और सरकारी जमीन पर कब्जा कराया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार प्रशासन ने उसकी शिकायतों के बाद कुछ महीने पहले गौशाला, ईवीएम और एटीएस के लिए आरक्षित सरकारी जमीन से कब्जे हटाए थे। आरोप लगाया गया है कि राशिद उर्फ नीलू ने वर्ष २०१३ में जिन किसानों से जमीन खरीदी थी, वर्ष २०१७ में उन्हीं किसानों के नाम उसी जमीन का दोबारा बैनामा कराया। आरोप है कि किसानों को डराकर उनके हिस्से से अधिक जमीन का बैनामा कराया गया और इसके बदले रुपये लिए गए।

अतीक-जैदकी बातचीतकी आडियो क्लिपका भी जिक्र

पीड़ित का आरोप है कि अतीक अहमद और जैद खालिद के बीच बातचीत की कथित ऑडियो क्लिप का भी जिक्र किया है। इसमें रसूलपुर काशीपुर की आराजी संख्या २०० और लाल बंगले की संपत्ति से जुड़ी बातचीत होने का दावा किया गया है। वादी ने आरोप लगाया है कि अतीक की कथित काली कमाई का इस्तेमाल जमीनों की खरीद में किया गया शाह फैसल का आरोप है कि सरकारी जमीन से कब्जा हटाए जाने के बाद आरोपित और उनके साथी उसे और उसके परिवार को धमकाने लगे। उधर, तीन दिन पहले पीडीए ने जैद खालिद की करोड़ों रुपये की बताई जा रही डेयरी को ध्वस्त किया था। पीडीए अधिकारियों के मुताबिक कछार क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराया गया था और यह एचएफएल क्षेत्र में था। पूरामुफ्ती थाना प्रभारी शांतनु सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

बाघम्बरी रोडपर अधिवक्ताको कारसे खींचकर पीटा, तोड़फोड़

स्कूटी सवार युवकोंने घटनाको दिया अंजाम, जांचमें जुटी पुलिस

बाघम्बरी रोड पर स्कूटी सवार तीन युवकों ने कार सवार अधिवक्ता का रास्ता रोककर हमला कर दिया। आरोप है कि युवकों ने ईंट-पत्थर से कार के शीशे तोड़ दिए। विरोध करने पर अधिवक्ता को कार से बाहर खींचकर जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसों से पिटाई की। जान से मारने की धमकी देकर तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए। जार्जटाउन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

अल्लापुर निवासी अधिवक्ता शिवम सिंह की तहरीर के मुताबिक, वह रात में कार से घर लौट रहे थे। बाघम्बरी रोड के पास स्कूटी सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनकी कार का रास्ता रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने गालीगलौज करते हुए कार से बाहर निकलने की धमकी दी और ईंट-पत्थर से प्रहार कर कार के शीशे तोड़ने लगे। शिवम सिंह ने विरोध किया तो आरोपितों ने उन पर हमला कर दिया। जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पिटाई की। अधिवक्ता के शोर मचाने पर आसपास के लोगों के पहुंचने से पहले तीनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए स्कूटी से फरार हो गए। जार्जटाउन पुलिस आरोपितों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

मुकदमा वापस लेनेको लेकर युवकको पीटा, धमकी

धूमनगंज थाना क्षेत्र के कसारी-मसारी में पूर्व में दर्ज एफआईआर को लेकर एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कालिंदीपुरम निवासी इरफान असलम हसन ने शकील अहमद समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

इरफान के मुताबिक वह कसारी-मसारी स्थित कोठी वाली मस्जिद के पास गया था। आरोप है कि वहां शकील अहमद, ताजीम अहमद, अतिशान अहमद और उसका भाई पहुंच गए और पूर्व में दर्ज एफआईआर को लेकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी।

आरोप है कि शकील अहमद ने मुकदमा वापस लेने की धमकी देते हुए कहा कि जमीन के मामले में जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़ित की तहरीर पर धूमनगंज पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीएस यादव हाईकोर्ट बारके वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं आशुतोष त्रिपाठी संयुक्त सचिव प्रशासन निर्वाचित

धर्मेंद्र सिंह (डी.एस.यादव) हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और आशुतोष त्रिपाठी संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर निर्वाचित हुए है। जबकि संयुक्त सचिव प्रेस पद पर कपिल देव यादव , संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पर जय प्रकाश सिंह (जे.पी. सिंह) और कोषाध्यक्ष पर मुकुल पांडेय ने जीत दर्ज की।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के वार्षिक चुनाव २०२६-२७ की मतगणना के ८वें दिन गुरुवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी, संयुक्त सचिव प्रेस और कोषाध्यक्ष पद के परिणाम घोषित कर दिए गए। चुनाव समिति की देखरेख में आज सुबह १० बजे से दोपहर १२.३० बजे तक लाइब्रेरी हाल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव प्रशासन पद के १००३३ मत-पत्रों की गणना समाप्त हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फरमान अहमद नकवी के मुताबिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद धर्मेन्द्र सिंह यादव ने ५५४ मतों के अंतर से जीत दर्ज की। धर्मेन्द्र को १७२५ मत तथा दूसरे स्थान पर रहे भगवान दत्त पांडेय को ११७१ मत मिले।तीसरे स्थान पर राजेश्वर सिंह

संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पद पर जेपी सिंह, प्रेसपर कपिल देव यादव और कोषाध्यक्षपर मुकुल पांडेय विजयी



(८७२ मत) रहे। संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर आशुतोष त्रिपाठी, अधिवक्ता, सर्वाधिक २२३५ मत पाकर पहले स्थान पर रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भूदेव यादव को १३४३ मतों से पराजित किया। भूदेव यादव को १०६६ मत प्राप्त हुए। इसी कड़ी में पं० के०एन० मिश्र अध्ययन कक्ष में संयुक्त सचिव लाइब्रेरी, संयुक्त सचिव प्रेस एवं कोषाध्यक्ष (पुरुष) पद के कुल १००३६ मत-पत्रों की गणना समाप्त हुई। संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पद पर जय प्रकाश सिंह ने १०२ मतों से जीत दर्ज की। जेपी को १४०० मत मिले, जबकि मनीष द्विवेदी १२९८ मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।संयुक्त सचिव प्रेस पद पर कपिल देव यादव को २१७२ मत मिले, जबकि दूसरे स्थान पर रहे मनीष पांडेय को १५८० मत प्राप्त हुए। कपिल देव ने ५९२ मतों के अंतर से जीत हासिल की।कोषाध्यक्ष (पुरूष) पद पर जीत का अंतर ८९ मतों का रहा।मुकुल पांडेय १३४३ मत हासिल कर कोषाध्यक्ष चुने गये। दूसरे स्थान पर रहे अखिलेश कुमार द्विवेदी को १२५४ मत प्राप्त हुए। चुनाव समिति के मुताबिक लाइब्रेरी हाल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव प्रशासन पद की मतगणना समाप्त होने के बाद दोपहर दो बजे से सायंकाल पांच बजे तक उपाध्यक्ष पुरुष (४ पद) एवं उपाध्यक्ष महिला (२ पद) के ६०० मत-पत्रों की गणना सम्पन्न हुई। इसमें उपाध्यक्ष महिला पद अन्नपूर्णा सिंह चंदेल २५४ मतों के साथ आगे चल रही हैं, जबकि रंजना सिंह २०० मत पाकर दूसरे स्थान पर हैं। उपाध्यक्ष पुरुष की शुरुआती गिनती में शक्ति सिंह (११० मत), कमलेश रतन यादव (८० मत), त्रिपुरारी पाल (७७ मत) और आशुतोष पांडेय (७६ मत) आगे रहे। मतगणना शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

चारको मुकुट पूजन, छहको रावण शोभयात्रा एवं १५ को निकलेगी राम बारात

श्री कटरा रामलीला कमेटीकी 'कार्यक्रम पुस्तिका' का विमोचन

श्री कटरा रामलीला कमेटा के पदाकारियों ने गुरुवार को कटरा स्थित 'राम वाटिका' में आगामी विजयदशमी महोत्सव एवं भव्य रामलीला मंचन की 'कार्यक्रम पुस्तिका' विमोचन किया। साथ ही अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता,



महामंत्री उमेशचंद्र केसरवानी, कोषाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी, उपाध्यक्ष विनोद चंद्र केसरवानी, आनंद अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मंत्री शिवबाबू गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता, विपुल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति ने आयोजन को भव्य, अनुशासित और सुचारू रूप से सम्पन्न कराने का संकल्प व्यक्त किया।

?विमोचन के दौरान अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता एवं महामंत्री उमेश चन्द्र केसरवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष की रामलीला मंचन एवं दशहरा उत्सव को भव्य रूप देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एवं इस बार की रामलीला 'गाथा राम की' जो की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अतुल यदुवंशी के निर्देशन मे कराई जायेगी। बताया कि चार अक्तूबर को मुकुट पूजन, छह को रावण की शोभायात्रा एवं १५ को राम बारात और १८ कटरा का भव्य रामदल निकलेगा। कोषाध्यक्ष अश्वनी केसरवानी ने बताया कि कार्यक्रम पुस्तिका में रामलीला मंचन की तिथि, समय, प्रमुख सवारियों के मार्ग तथा दशहरा महोत्सव से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियों का समावेश किया गया है, ताकि जन-सामान्य तक सभी सूचनाएं सुलभता से पहुंच सकें। इस मौके पर पदाधिकारियों ने नगरवासियों से आगामी रामलीला मंचन एवं दशहरा उत्सव में सहपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाने की अपील की।

अखाड़ा, बधाई लोक एवं छाऊ नृत्य होगा आकर्षणका केंद्र

कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि १२ दिवसीय रामलीला के आयोजन के बीच ग्रुप लीडर राजकुमार रैकवार के नेतृत्व में बुंदेलखंड छत्रसाल अखाड़ा, सागर की ओर से अखाड़ा नृत्य मार्शल आर्ट, ग्रुप लीडर मनीष यादव के नेतृत्व में श्री कृष्ण लोक संस्कृति विकास संस्थान, सागर की ओर से बधाई लोक नृत्य और ग्रुप लीडर सृष्टिधर महतो के नेतृत्व में नवयुवक संस्थान, रांची की ओर से छाऊ नृत्य आकर्षण का केंद्र होगी। अध्यक्ष के अनुसार श्रद्धालुओं एवं दर्शकों की सुविधा तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

मधवापुर-बैरहना रामलीला कमेटीके अध्यक्ष रामजी एवं महामंत्री बने राजू

श्री रामलीला कमेटी मधवापुर-बैरहना की ओर से वर्ष २०२६ के लिए गुरुवार को मां काली मंदिर बैरहना चौराहे पर पदाधिकारियों को चुनाव हुआ। जिसमें कमेटी के अध्यक्ष रामजी अग्रहरि एवं महामंत्री राजू चौरसिया को चुना गया।

इससे पूर्व २०२५ का लेखाजोखा महामंत्री ने पेश किया। जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया। जिसके बाद चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न करायी गयी।

सदस्यों ने सर्वसम्मति से रत्नेश यादव टिंक्कल को कोषाध्यक्ष, पूर्व पार्षद शिवेंद्र मिश्र को मुख्य संरक्षक, अमन साहू को कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद बबली साहू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना। कमेटी के मुख्य संरक्षक शिवेंद्र मिश्र ने बताया कि १५ एवं १६ अक्तूबर को बैरहना में मां काली के रौद्र रूप का प्रदर्शन होगा और फिर १७ अक्तूबर को मधवापुर-बैरहना का भव्य रामदल निकाला जायेगा।

